चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/प्रयो0/1086
दिनांक : 31/5/2024

विज्ञप्ति

विषय : विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के डॉकेट डिलीट करने के सम्बन्ध में।

प्रायः देखने में आया है कि कतिपय महाविद्यालय व संस्थान द्वारा आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण अपलोड कर दिये जाते हैं। तत्पश्चात् उनके द्वारा मेल/पत्र में यह उल्लेख करते हुए कि त्रुटिवश पोर्टल पर अंक गलत अपलोड कर दिये गये हैं, डॉकेट डिलीट किये जाने का अनुरोध किया जाता है।

इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञप्ति संख्या–गोप0/प्रयो0/956, दिनांक 27.05.2023 जारी करते हुए परीक्षक/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से यह अनुरोध किया गया था कि जब पोर्टल पर अंक अपलोड करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाय कि पोर्टल पर सही अंकों को ही अपलोड किया गया है। तत्पश्चात् ही Save करके अन्तिम रूप से Submit किया जाय जिससे किसी भी त्रुटि की सम्भावना को नगण्य किया जा सके।

उक्त विज्ञप्ति जारी किये जाने के बावजूद भी विश्वविद्यालय में ई–मेल एवं पत्र के माध्यम से प्रतिदिन डॉकेट डिलीट किये जाने के अनुरोध पत्र प्राप्त होते रहते हैं। इससे परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अन्ततः छात्र/छात्राओं एवं जनमानस में महाविद्यालय व विश्वविद्यालय की छवि धूमिल होती है और परीक्षा परिणाम घोषित करने में भी विलम्ब होता है।

अतः परीक्षक/प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/विभागाध्यक्ष से अनुरोध है कि पोर्टल पर अंक अपलोड करते समय पूर्णतः सावधानी बरतें। यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सावधानीपूर्वक उक्त प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किया जाता है और डॉकेट डिलीट कराये जाने हेतु मेल या पत्र प्रेषित किये जाते हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

31.5.24

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. आउट सोर्स कम्पनी आई0टी0आई0 इम्टैक प्रा0लि0 एवं मैसर्स एन0आई0पी0एल0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)